स्किपर ने गुवाहाटी में अपना पीवीसी संयंत्र लगाया

कोलकाता, 28 (एजेंसियां)। स्किपर लिमिटेड ने गुवाहाटी में अपना नया पीवीसी संयंत्र लगाया है, जिसे प्लंबिंग (पाइपलाइन) और कृषि में उपयोग वाले पाइपों के निर्माण की सालाना 4000 लाख टन उत्पादन क्षमता है। यह पूरी तरह से स्वचालित संयंत्र है, जिससे प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

इस अवसर पर स्किपर्स लिमिटेड के निदेशक श्री देवेश बंसल ने कहा कि हम लगातार इस क्षेत्र में इनोवेशन कर रहे हैं। उत्तर-पूर्व के अत्यंत सौहार्दपूर्ण और संभावनाओं वाले माहौल की वजह से हमने यह विनिर्माण इकाई स्थापित की है। उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्व के बाजार हमारे विकास के लिए महत्वपूर्ण है और हम अगले कुछ वर्षों में 20% बाजार हिस्सेदारी की उम्मीद कर रहे हैं।